भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **4316**

दिनांक 18 जुलाई , 2019 / 27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एयर इंडिया का निजीकरण

4316. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एयर इंडिया के निजीकरण हेतु कोई मसौदा तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एयर इंडिया द्वारा की गई खरीद और बिक्री का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा एयर इंडिया को कितनी निधि जारी की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क)और (ख): सरकार एअर इंडिया के सामरिक विनिवेश के लिए प्रतिबद्ध है। दिनांक 28.06.2017 को आयोजित अपनी बैठक में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रीमण्डल समिति (CCEA) ने एअर इंडिया और इसकी सहायक कंपनियों के सामरिक विनिवेश पर विचार करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया है। अंतिम तारीख यानि 31.05.2018 तक एयर इंडिया के रणनीतिक विनिवेश के लिए कोई बोली नहीं मिलने के कारण एयर इंडिया विशिष्ट विकल्प तंत्र (AISAM) ने दिनांक 18.06.2018 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी निर्णय लिया कि :-

(i) परिचालन दक्षता को प्राप्त करने और एअर इंडिया की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए मध्यावधि के सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

(ii) पूर्व चिन्हित गैर-महत्वपूर्ण भूमि और भवन संपत्ति का मौद्रीकरण किया जाना चाहिए।

(iii) एयर इंडिया के ऋण को समाप्त करने के लिए परिसंपत्तियों को एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड में अंतरित किया जा सकता है, और

(iv) ऊपर उल्लिखित क्रियाकलापों के लिए मौजूदा सलाहकारों की सेवाओं का उपयोग किया जाना चाहिए।

सरकार ने एअर इंडिया लिमिटेड को यह भी निदेश दिया है की वह एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के वित्तीय लेखों को अंतिम रूप प्रदान करें। इसके अतिरिक्त, नए सदस्यों के साथ एअर इंडिया विशिष्ट वैकल्पिक तंत्र (एआईएसएएम) का शीघ्र ही पुनर्गठन होने की आशा है, जो एअर इंडिया के विनिवेश के मापदण्डों को अंतिम रूप प्रदान करेगा।

(ग): एअर इंडिया के पिछले तीन वर्षों के लेखा परीक्षित लेखों के अनुसार टिकटों की बिक्री एवं कार्गो सहित स्रोतों से प्राप्त प्रचालन राजस्व तथा विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ), अतिरिक्त इंजनों, लुब्रिकेंट्स इत्यादि की खरीद

सहित प्रचालानात्मक व्यय का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष ....परिचालन राजस्व(रु॰ करोड़ में) .... परिचालन व्यय (रु. करोड़ में)

2017-18 .... 23003.68 .... 24661.77

2016-17 .... 21827.07........... 22048.68

2015-16 .... 19992.33 .... 19887.३३

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा एअर इंडिया लिमिटेड में किए गए इक्विटी निवेश का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष .... इक्विटी निवेश(करोड़ में रु.)

2018-19 .... 3975.00

2017-18 .... 1800.00

2016-17 .... 2465.21

*****